विद्या सवर्थि साधिका

आनंदालय

साप्ताहिक परीक्षा : 3

कक्षा : X

विषय: हिन्दी | अधिकतम अंक **20**

तिथि : **20 /10 / 2015** | समय: **1** घंटा

निर्देश: सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है। उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

1 **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :**

(क) अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए।

i शहीदों ने मातृभूमि के लिए सर्वत्र समर्पित कर दिया। **1**

ii सोने की चिड़िया कहलाता था हमारा देश भारत। **1**

(ख) वाक्य रूपांतरण कीजिए।

i यद्यपि खूब वर्षा हुई तथापि गरमी कम नहीं हुई (सरल वाक्य में) **1**

ii राधा और सीता परिश्रम करने के कारण कक्षा में प्रथम आती हैं। **1**
(संयुक्त वाक्य में)

iii जंगलों में रहने वाले आदिवासियों की वेशभूषा विचित्र होती है। **1**
(मिश्रित वाक्य में)

2 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

ग्वालियर से बंबई की दूरी ने संसार को काफ़ी कुछ बदल दिया है। वर्सोवा में जहाँ आज मेरा घर है, पहले यहाँ दूर तक जंगल था। पेड़ थे, परिंदे थे और दूसरे जानवर थे। अब यहाँ समंदर के किनारे लंबी चौड़ी बस्ती बन गई है। इस बस्ती में न जाने कितने परिंदों चरिंदों से उनका घर छीन लिया है। इनमें से कुछ शहर छोड़कर चले गए हैं। जो नहीं जा सके हैं उन्होंने यहाँ-वहाँ डेरा डाल लिया है। इनमें से दो कबूतरों ने मेरे फ्लैट के एक मचान में घोंसला बना लिया है। बच्चे अभी छोटे हैं। उनके खिलाने पिलाने की ज़िम्मेदारी अभी बड़े कबूतरों की है। वे दिन में कई-कई बार आते-जाते हैं। और क्यों न आए-जाए, आखिर उनका भी घर है। लेकिन उनके आने जाने से हमें परेशानी भी होती है। वे कभी किसी चीज़ को गिरा कर तोड़ देते हैं। कभी मेरी लाइब्रेरी में घुसकर कबीर या मिर्ज़ा गालिब को सताने लगते हैं। इस रोज़ रोज़ की परेशानी से तंग आकर मेरी पत्नी ने उस जगह जहाँ उनका आशियाना था, एक जाली लगा दी है, उनके बच्चों को दूसरी जगह कर दिया है।

□क□ आशियाने के स्थान पर जाली लगाना लेखक की पत्नी की किस प्रवृत्ति का द्योतक है □ **1**

□ख□ वर्सोवा में आए बदलावों पर टिप्पणी लिखिए । **2**

□ग□ 'क्यों न आएँ□जाएँ□आखिर उनका भी घर है।' इस पंक्ति के माध्यम से लेखक मानव-जाति को क्या संदेश देना चाहते हैं □ **2**

3 □क□ गिरगिटिया प्रवृत्ति के लोगों का स्वभाव कैसा होता है □ **1**

□ख□ 'आत्मत्राण' कविता के माध्यम से कवि मानव की किस मानसिकता को परिवर्तित करना चाहते हैं और क्यों □ **2**

□ग□ कहानी के शीर्षक 'गिरगिट' के औचित्य पर प्रकाश डालिए। **2**

4 आपके विद्यालय में रात्रिकालीन प्रौढ़शिक्षा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को शिविर में भाग लेने हेतु आमंत्रित करते हुए सूचना लिखिए। **5**